हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 12 मार्च 2025

11 ग्राम पंचायतें निभाएं सरकारी जन भागीदारी...



12 दो बार निर्माण होने के बाद ढाई साल में दम तोड़ गई सिनेमा रोड...



# कनीना व अटेली शहर की चौधर किसकी होगी, आज खुलेगा ईवीएम का पिटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶मंडी अटेली/कनीना

जिले के कनीना व अटेली नगर पालिका चुनावों की मतगणना आज 12 मार्च को होगी। मतगणना के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हुए हैं। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने मंगलवार को काउंटिंग सेंटर काऔचक निरीक्षण किया। अटेली के आरओ एवं नारनौल के एसडीएम रमित यादव ने बताया कि अटेली नगर पालिका चुनाव की मतगणना नगर पालिका के नीरपुर अटेली स्थित नए कार्यालय में होगी।

उन्होंने बताया कि काउंटिंग स्टाफ में जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई हैए उनकी रिहर्सल करवाई गई। प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है। दो मार्च को नगर पालिका के चुनाव हुए थे। 12 मार्च को काउंटिंग सुबह आठ बजे शुरू होगी। मतगणना स्टाफ को सुबह छह बजे मतगणना केन्द्र पर पहुंचना होगा।

- अटेली नपा का चेयरमैन अधिकतर वैश्य समाज से तथा झंडा चौक के आसपास रहने वाला ही बना है अब तक प्रधान बना है, अबकी बार भी रिपीट होने की उम्मीद



मंडी अटेली। नगरपालिका के चुनावों की मतगणना को लेकर तैनात पुलिस। फोटो: हरिभूमि

एसडीएम ने उम्मीदवारों व आम नागरिकों से आह्वान किया कि वे परिणाम घोषित होने तक धैर्य बनाए रखें और शांतिपूर्ण मतगणना प्रक्रिया में प्रशासन का सहयोग करें। इस मौके पर डीएसपी दिनेश कुमारए एआरओ दलबीर सिंह दुग्गलए उमेद जाखड़ए पूनम कानूनगोए सुरेशए सतीश बेरीए राकेशए हिमेश कुमार मास्टर ट्रेनर अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## संजय गोयल व भूपेश गुप्ता में दिख सकता है मुकाबला

मंडी अटेली। अटेली नगरपालिका के चुनावों की मतगणना 12 मार्च को सुबह आठ बजे से नगरपालिका कार्यालय में शुरू होगी। गत दो मार्च को हुए चुनावों के बाद ईवीएम अटेली स्थित नगरपालिका कार्यालय में पुलिस सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में रखी हुई हैं। अटेली नपा के चेयरमैन प्रत्याशी पांच हैंए लेकिन मुख्य मुकाबला तीन बार के पार्षद संजय गोयल व भूपेश गुप्ता के बीच रहने की प्रबल संभावना है। परिणाम उपरांत पिछले 10 दिनों चल रहा हार जीत का गुना भाग की तस्वीर साफ हो जाएगी। हवा का रूख तो संजय गोयल के पक्ष में बताया रहा हैए लेकिन गुप्त वोट भूपेश गुप्ता के पक्ष में पड़ने के कारण मुकाबला काफी नजदीक का बना हुआ है। भूपेश के समर्थकों का कहना है कि झंडा चौक एरिया में ही अप्रत्याशित परिणाम आएंगे। वहीं अटेली में 12 वार्ड के लिए 35 प्रत्याशी मैदान में है। मंगलवार को मतगणना केंद्र को पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ट व एसडीएम व निर्वाचन अधिकारी रमित यादव ने काउंटिंग की तैयारियों को लेकर कर्मियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिये तथा चुनावी एजेंट को ही मतगणना केंद्र के अंदर कार्ड से प्रवेश करने के निर्देश दिये। काउंटिंग के लिए छह टेबल लगाई गई हैं तथा छह सुपरवाइजर तथा छह ही सहायक सुपरवाइजर होंगे। इसके अलावा चार रिजर्व पार्टी होंगी। रिजर्व पार्टी मतगणना के बाहर बैठेगी। बता दें कि अटेली नगर पालिका में 6332 मतदाताओं में 4722 वोट पोल हुए थेए जिसका प्रतिशत 74ण्60 प्रतिशत रहा। अटेली नपा में 12 वार्ड हैं तथा 12 ही पार्षद बनेंगे। इस चुनाव में चेयरमैन पद के लिए मुख्य मुकाबला भूपेश गुप्ता व संजय गोयल के बीच रहने की संभावना हैए जो दोनों झंडा चौक के रहने वाले हैं। इस प्रकार अबकी बार भी झंडा चौक एरिया तथा वैश्य बिरादरी से ताल्लुक रखने वाला चेयरमैन बन सकता है।

## 14 वार्डों के लिए तीन राउंड में होगी मतगणना

नपा चेयरमैन का पद सामान्य वर्ग की महिला के लिए रिजर्व किया गया है जिसके सात महिलाओं को भाग्य ईवीएम के बंद है। इसी प्रकार 14 वार्डों के लिए 41 वार्ड पार्षद चुनाव में किस्मत अजमा रहे हैं। प्रत्याशियों तथा नगरवासियों की नजरें आज 12 मार्च को होने वाली मतगणना पर टिकी हुई हैं। 14 वार्डों में 10413 मतदाताओं में 9835 में अपना मत का प्रयोग किया है। सुबह आठ बजे मतगणना शुरू होगी। मतगणना के लिए प्रत्याशियों की ओर से अपने गणना एजेंट नियुक्त किए जा चुके हैं। चुनाव अधिकारी एसडीएम डाण जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि नपा के 14 वार्डों के लिए राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना में बनाए गए स्टांग रूम में 14 वार्डों के लिए तीन राउंड की मतगणना होगी। स्टांग रूम में ईवीएम रखी गई हैं। जिनकी सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मचारी मुस्तैदी से ड्यूटी कर रहे हैं। मतगणना हॉल में प्रधान पद के लिए पांच टेबलए पार्षद पद के लिए पांच टेबल तथा एक टेबल आरओ के लिए लगाई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### कोताही बरतने पर परीक्षा ड्यूटी से किया कार्यभार मुक्त

नारनौल। हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से प्रदेशभर में सीनियर सेकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) और डीएलएड (रि-अपीयर) की परीक्षाएं चल रही है। इस संबंध में जारी प्रेस विज्ञिप्त में बोर्ड अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पवन कुमार शर्मा ने बताया कि सोमवार एसडीएम नांगल चौधरी द्वारा परीक्षा केन्द्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांवडी जाट से पर्यवेक्षक कृष्ण कुमार को परीक्षा ड्यूटी में कौताही बरतने के कारण परीक्षा ड्यूटी से कार्यभार मुक्त कर दिया गया।

### होली मिलन समारोह 14 मार्च को

नारनौल। नर नारायण सेवा समिति की और से होली मिलन का आयोजन 14 मार्च को शिव मंदिर टेलीफोन एक्सचेंज के पीछे महावीर चौक में किया जाएगा। समिति अध्यक्ष रामसिंह मधुर ने बताया की होली मिलन समारोह में तिलक लगाकर फूलों की होली मनाई जाएगी तथा संगीत, चुटकुले, कविता पाठ का भी आयोजन होगा।

### राष्ट्रीय प्रजापति महासभा की बैठक अटाली में 14 को

मंडी अटेली। राष्ट्रीय प्रजापति महासभा जिला महेंद्रगढ़ इकाई की कार्यकारिणी की बैठक 14 मार्च आयोजित की जाएगी। जानकारी देते हुए महासभा के ग्राम प्रधान राजवीर प्रजापति ने बताया यह बैठक बाबा भैया के मंदिर में अटाली में सुबह नौ बजे होगी, जिसमें कार्यकारिणी में विस्तार के साथ-साथ आगामी कार्यक्रमों में बारे में चर्चा की जाएगी।

### ट्रक ने गाड़ी को मारी टक्कर, ड्राइवर घायल

मंडी अटेली। अटेली के नेशनल हाईवे 11 पर ट्रक ने गाड़ी को टक्कर मार दी, जिससे गाड़ी चालक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार गोद बलाहा निवासी सवीन यादव ने पुलिस में दर्ज शिकायत में बताया कि वह गत 10 मार्च सायं साढ़े छह बजे उसकी गाड़ी रेवाड़ी से उसके घर आ रहा था। जब वह नेशनल हाईवे 11 खोड़ के फ्लाईओवर पर पहुंचा तो पीछे से एक ट्रक चालक ने लापरवाही से उसकी गाड़ी के पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उसकी गाड़ी का सन्तुलन बिगड़ गया। उसकी गाड़ी ट्रक के आगे आ गई। अटेली पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## मंडी में केवल अच्छी तरह से सूखी व साफ-सुथरी सरसों की खरीद होगी

# 6 मंडियों में 15 को होगी खरीद, 5950 रुपये प्रति क्विंटल रहेगा सरसों का भाव

- जिले की छह मंडियों नारनौल, महेंद्रगढ़, कनीना, अटेली, नांगल चौधरी एवं सतनाली में होगी सरसों की सरकारी समर्थन मूल्य 5950 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶नारनौल

आमतौर पर रबी सीजन में एक अप्रैल से सरकारी न्यूनत्तम समर्थन मूल्य पर सरसों की होने वाली खरीद अबकी बार 15 मार्च से शुरू की जाएगी। खरीद के लिए निर्धारित मंडियों में तैयारियां शुरू हो गई हैं तथा किसानों के लिए साफ-सफाई, पीने के पानी एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं पर बल दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने जिले की छह मंडियों का चयन किया है, जिनमें सरकारी खरीद एजेंसी हरियाणा स्टेट वेयर कारपोरेशन तथा हैफेड द्वारा सरसों की सरकारी समर्थन मूल्य खरीद की जाएगी। इस बार सरकार ने सरसों का समर्थन मूल्य 5950 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। प्रदेश सरकार हर बार रबी सीजन में फसल खरीद की शुरुआत एक अप्रैल से करती है, लेकिन अबकी बार सरकार एक अप्रैल की बजाए 15 मार्च से सरसों की खरीद शुरू करने जा रही है। सरकार ने प्रदेश में 108 मंडियों में सरसों की खरीद किया जाना तय किया है, जिनमें से छह मंडियां जिला महेंद्रगढ़ से आती हैं। खरीद एजेंसियों का निर्धारण कर दिया है और निर्धारित मंडियों में पंजीकृत किसान अपनी सरसों को सरकारी समर्थन मूल्य पर बेच सकेंगे।

### मंडी में चल रहा झाड़ू

एक अप्रैल की बजाए 15 मार्च से सरसों की खरीद शुरू करवाने के मद्देनजर जिले की निर्धारित छह मंडियों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए मंडियों में झाड़ू लगाया जा रहा है। टीनशेड खाली कर वहां सफाई की जा रही है। मंडी में चौतरफा सफाई करवाई जा रही है, ताकि जहां भी जरूरत हो, किसान सरसों उतार सकें।

सरसों को अच्छी तरह सुखाकर ही मंडी लाएं किसान



नारनौल। नांगल चौधरी रोड स्थित अनाज मंडी का मार्केट कमेटी कार्यालय व अनाज मंडी में सरसों की ढेरी लगाने से पहले सफाई करते कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

### जिले की इन मंडियों में होगी सरसों खरीद

सरसों खरीद के लिए सरकार ने जिला महेंद्रगढ़ की छह मंडियों का चयन किया है, जिनमें नारनौल, महेंद्रगढ़, अटेली, कनीना, नांगल चौधरी एवं सतनाली मंडी शामिल हैं। नारनौल में पिछली बार की तरह इस बार भी नांगल चौधरी रोड पर जल महल के समीप बनी अनाज मंडी सरसों की सरकारी खरीद चलेगी। अटेली, महेंद्रगढ़ एवं नांगल चौधरी में हैफेड सरसों की खरीद करेगी, जबकि कनीना, नारनौल एवं सतनाली में हरियाणा स्टेट वेयर कारपोरेशन यानि एचएसडब्ल्यूसी की ड्यूटी लगाई गई है।

### केवल पंजीकृत किसान ही बेच सकेंगे सरसों

मंडियों पर सरकारी समर्थन मूल्य पर केवल वही किसान सरसों बेच सकेंगे, जो मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत होंगे। बिना पंजीकरण वाले किसानों के गेट पास नहीं कटेंगे। गेट पास केवल पंजीकृत किसानों के वेबपोर्टल से बनाए जाएंगे। वेबपोर्टल ही निश्चित करेगा कि कौन किसान पंजीकृत है और कौन नहीं। किसानों को गेटपास प्राप्त करने के साथ ही मंडी में सरसों लाते वक्त अपना आधार कार्ड भी साथ लेकर आना होगा। सरसों की बिक्री होने उपरांत किसान के आधार कार्ड से लिंक बैंक खाते में ही रकम डाली जाएगी।

### यह बोली मंडी सचिव

मार्केट कमेटी नारनौल की मंडी सचिव नुकुल यादव ने बताया कि इस बार सरसों की खरीद का शेड्यूल 15 मार्च से आया है। इसी को मद्देनजर रखते हुए मंडी की सफाई करवाई जा रही है। मंडी आने वाले किसानों को यहां कोई परेशानी न हो, इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंडी आने वाले किसानों को मूलभूत सुविधाओं की कमी नहीं आने दी जाएगी।

### इस बार बढ़ाए हैं 300 रुपये प्रति क्विंटल

सरकार ने इस बार सरसों के सरकारी समर्थन मूल्य में पूरे 300 रुपये की बढ़ौतरी करके किसानों की बल्ले-बल्ले कर दी है। पिछली बार यह समर्थन मूल्य 5650 रुपये प्रति क्विंटल था, वहीं इस बार 5950 रुपये प्रति क्विंटल की दर से सरसों की खरीद की जाएगी। यानि इस बार किसानों को पिछली बार की तुलना में सीधे 300 रुपये अधिक मिलेंगे।

### यह बोली वेयर कारपोरेशन की मैनेजर

खरीद एजेंसी एचएसडब्ल्यूसी की मैनेजर रुबी हुड्डा ने कहा कि अबकी बार 15 मार्च से सरकारी समर्थन मूल्य पर सरसों की खरीद शुरू होने जा रही है। इसलिए किसान अपनी सरसों को अच्छी तरह से सूखाकर एवं साफ–सुथरी करके लाएं। ऐसा न हो कि वह गिली सरसों लेकर मंडी आ जाएं और फिर यहां लाकर सरसों सूखाने के चक्कर में दो-तीन दिन परेशान हों। इसलिए सरसों को अपने खेत-खलिहान या घर पर ही सरसों को अच्छी तरह से सूखाने उपरांत ही मंडी लेकर आए। निर्धारित मानकों के अनुसार ही सरसों की खरीद होगी।

खर्च होंगे 10.81 करोड़

## नारनौल में पशुओं के लिए खुलेगा नया मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल

हरिभूमि न्यूज ▶▶नारनौल



- हरियाणा विधानसभा में विधायक ने उठाया मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल का मुद्दा

विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव ने सोमवार को हरियाणा विधानसभा में जिले के नारनौल में पशुओं के लिए मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल बनाए जाने की मांग की। उनकी इस मांग पर प्रदेश के पशुपालन मंत्री श्यामसिंह राणा ने सदन को बताया है कि महेंद्रगढ़ जिले की नारनौल विधानसभा में स्थित सीमन बैंक परिसर में करीब सात एकड़ जमीन पर 10 करोड़ 81 लाख रुपये की लागत से इसी वर्ष पशुओं के लिए मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल का शुभारंभ कर दिया जाएगा। इस मांग को पूरी होने से नारनौल ही नहीं महेंद्रगढ़ जिला के पशु पालकों को लाभ मिलेगा।

### क्या है मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल

आपको बताते चले कि बीते दो वर्षों से विधायक ओमप्रकाश यादव नारनौल में मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल बनाने के लिए प्रयासरत थे। आखिर उनका प्रयास सफल हुआ। सोमवार को हरियाणा के पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने नारनौल में पशु मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल बनाने की सदन में जानकारी दी। यह मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल लगभग 10 करोड़ 81 लाख रुपये की लागत से बनेगा। जिसमें पशुओं से संबंधित बीमारियों के आधुनिक उपकरणों से ऑपरेशन चिकित्सकों की टीम द्वारा किए जाएंगे। पशु मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल दक्षिणी हरियाणा का पहला हॉस्पिटल होगा, इससे पहले दक्षिण हरियाणा का किसान व अन्य पशुपालक अपने पशुओं को ऑपरेशन के लिए हिसार लेकर जाता था। उक्त पशु मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल से महेंद्रगढ़ जिले के साथ-साथ राजस्थान प्रदेश के साथ लगते जिले अलवर, कोटपुतली व झुंझुनूं तक के किसानों व पशुपालकों को फायदा मिलेगा।

## डा. अजय चौटाला के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आज



नारनौल। जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 12 मार्च को रेवाड़ी रोड स्थित सीएल फार्म में मनाए जाने वाले कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक सिकंदर गहली ने बताया कि 12 मार्च को प्रातः 9 बजे कार्यक्रम शुरू कर दिया जाएगा। सबसे पहले डा. अजय चौटाला के 64वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में 64 केजी का केक काटा जाएगा। तत्पश्चात रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सिकंदर गहली ने बताया कि रक्तदान शिविर में रक्त एकत्रित करने के लिए रेडक्रॉस के सहयोग से ब्लड बैंक नारनौल एवं रेवाड़ी जिले की टीमों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि वह डा. अजय सिंह चौटाला के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन करते आ रहे हैं। इस बार यह 18वां रक्तदान शिविर होगा, जिसमें सैकड़ों युवा स्वेच्छा से रक्तदान करेंगे।



नारनौल। परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करती एसपी पूजा वशिष्ठ। फोटो: हरिभूमि

## नकल रहित परीक्षा के लिए एसपी ने किया केंद्रों का निरीक्षण

नारनौल। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने बोर्ड परीक्षाओं को नकल रहित व सुचारू रूप से संचालन के लिए जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेना और यह सुनिश्चित करना था कि सभी केंद्र परीक्षाओं के संचालन के लिए निर्धारित मानकों का पालन कर रहे हैं। एसपी ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस कर्मियों व अन्य सुरक्षा उपायों की जांच की। परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि अपरीक्षा केंद्र के आसपास कोई व्यक्ति ना खड़ा रहे और अनावश्यक कोई व्यक्ति परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश ना करें। उन्हें परीक्षाओं के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा केंद्र के अधिकारियों से भी बातचीत की। हमारी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि बोर्ड परीक्षाएं नकल रहित और निष्पक्ष रूप से हों। हमने सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की है और हम किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# अधिवक्ता संतोख यादव ने प्रधान पद की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶नारनौल

- नई ऊर्जा के साथ दोगुने परिश्रम से टीम करेंगी कार्य

जिला बार एसोसिएशन नारनौल की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का मंगलवार शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इसका नेतृत्व नव निर्वाचित प्रधान संतोख सिंह यादव ने न्यू लिटिगेट रूम में भव्य रूप से किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में जिला एवं सत्र न्यायधीश नरेंद्र सूरा व चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट जतिन गुजराल की मौजूदगी में हुआ।

चुनाव अधिकारी कर्णसिंह भोजावास ने संतोख सिंह यादव को प्रधान, विकास सांगवान को उपप्रधान, प्रदीप यादव को सचिव, चंद्रदेव को सह सचिव, शुगन सिंह को कोषाध्यक्ष, कार्तिक यादव को ऑडिटर और प्रमिन्द्र यादव को लाइब्रेरियन पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मंच संचालन निर्वतमान सचिव सुमित चौधरी ने किया।

जिला एवं सत्र न्यायधीश ने अपने संबोधन में बार व बैंच के मिलकर कार्य करने की बात रखी व नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। शपथ लेने के बाद अपने संबोधन में चुनाव समिति व सभी अधिवक्ताओं का शांतिपूर्ण चुनाव करवाने के लिए धन्यवाद दिया। सभी अधिवक्ताओं के साथ मिलकर नई ऊर्जा के साथ दोगुना परिश्रम से बार के हित में कार्य करने की बात कही गई व नए अधिवक्ताओं को प्रोत्साहन करने के लिए न्यायाधिकारियों व सीनियर अधिवक्ताओं से अपील की। कार्यक्रम में कनीना बार के प्रधान मंजीत कोटिया व सचिव सोमवीर यादव गोमला सहित नारनौल बार के अधिवक्ता मौजूद रहें।





नारनौल। शपथ लेती कार्यकारिणी टीम व प्रधान पद निर्वाचित होने पर सर्टिफिकेट देते हुए।

### अधिवक्ताओं को साथ लेकर करेंगे बार हित में कार्य

इस संबंध में जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रधान संतोख सिंह यादव ने बताया कि जो जिम्मेवारी अधिवक्ताओं ने दी है, उस पर वह पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। वह पूरी टीम के साथ मिलकर बार एसोसिएशन हित में कार्य करेंगे। उन्होंने अधिवक्ताओं से भी आह्वान किया कि अधिवक्ताओं की हर समस्या का समाधान मिलकर करेंगे।

# अज्ञात व्यक्ति ने स्कूल के शिक्षकों पर नकल कराने के लगाए आरोप

- स्थाई फ्लाइंग बैठाने की मांग
- फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट से छुट्टी दिलवाकर स्कूल के शिक्षकों को स्कूल में बैठाया
- कमरे में परीक्षार्थी तक पहुंच रही है नकल की सामग्री



नांगल चौधरी। सेका स्कूल के परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते एसडीएम रमित यादव। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶नांगल चौधरी

एक अज्ञात व्यक्ति ने शिक्षा बोर्ड को शिकायत भेजकर सेका गांव में संचालित परीक्षा केंद्र में जमकर नकल होने का आरोप लगाया है। शिकायत में स्कूल के शिक्षकों को ही आरोपित बनाया गया है, जोकि फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट से छुट्टी लेकर परीक्षा केंद्र में रहते हैं। उन्होंने शिक्षा बोर्ड से आरोपित शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई करने और परीक्षा केंद्र में परमानेंट फ्लाइंग बैठाने की गुहार लगाई है। शिकायत मिलने के बाद जिला प्रशासन ने नारनौल के एसडीएम रमित यादव को सेंटर का परिवेक्षक नियुक्त किया गया है। उन्होंने प्रत्येक विद्यार्थी की तलाशी ली और सुपरवाइजर स्टॉफ का रिकार्ड खंगाला है।

अज्ञात व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल को हर साल बोर्ड परीक्षाओं का केंद्र बनाया जाता है। जिसमें स्कूल के अलावा आसपास गांवों के बच्चे दसवीं व 12वीं की परीक्षा देने आते हैं, लेकिन परीक्षा शुरू होते ही स्कूल के शिक्षक केंद्र में पहुंच जाते हैं तथा प्रत्येक कमरे में अनुचित नकल सामग्री सप्लाई करते हैं। हालांकि इन शिक्षकों की ड्यूटी अन्य परीक्षा केंद्र में बतौर सुपरवाइजर लगाई गई थी, लेकिन बच्चों को नकल कराने के लिए इन्होंने फर्जी बीमारी का मेडिकल सर्टिफिकेट बनवा ली। जिसे बोर्ड अधिकारियों को प्रस्तुत करके ड्यूटी कटवा ली और अब स्कूल में नकल पर्ची सप्लाई करके विद्यार्थियों का भविष्य खराब करने में जुटे हैं। अंधाधुंध नकल होने के कारण इंटेलिजेंट विद्यार्थी परेशान हैं और उन्हें खराब परिणाम रहने की चिंता सता रही है। समाधान के लिए उन्होंने परीक्षा सेंटर में पूरे तीन घंटे तक फ्लाइंग नियुक्त करने का सुझाव दिया है। शिकायत मिलते ही शिक्षा बोर्ड के कार्यालय में हड़कंप की स्थिति उत्पन्न हो गई और जिला उपायुक्त को निगरानी के लिए लिखा गया है। इसके बाद सेंटर पर नारनौल के एसडीएम रमित यादव को परिवेक्षक नियुक्त किया है।

SAINI SR. SEC. SCHOOL
Opp. Moda wala Mandir Rewari Road, Narnaul
SITUATION VACANT
For the Post of
1 Principal 2 PGT (Maths, Chemsitry, Physics, Commerce Economics) 3 TGT (English, Hindi, Sanskrit, Science Computer Science, Maths) 4 PRT (JBT/NTT) 5 Clerk, cum Typist cum Accountant 6 Peon - 10th Pass 7 Sweeper
Well Qualified & Experienced candidates may apply up to 21.03.2025 with complete biodata
Salary : Negotiable
Interview will be held after scrutiny of the applications
Email - sainischool1367@gmail.com
Contact Us - 9017733463, 9416304126, 7015750004
Chairman, School management



# प्यार और रोमांस के बीच चीखें निकाल देगा 'तू या मैं' का टीजर

**मुंबई।** बॉलीवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयार शनाया कपूर की आगामी फिल्म 'तू या मैं' का टीजर मंगलवार को जारी हो गया है। इस फिल्म में शनाया कपूर के साथ 'द व्हाइट टाइगर' स्टार आदर्श गौरव नजर आएंगे। यह सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म साल 2026 में वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज होगी। फिल्म के टीजर को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करते हुए शनाया ने लिखा, 'प्यार, आतंक और ये साथ बहुत-बहुत गलत हो गया। 'तू या मैं' के लिए कौन ज्यादा उत्साहित है?' बेजॉय नांबियार द्वारा निर्देशित इस फिल्म का टीजर डरावने माहौल वाले बैकवॉटर में सामने आता है, जहां एक लड़का-लड़की पानी में उतरते तो रोमांस के लिए हैं, लेकिन अचानक से पूरी कहानी बदल जाती है, सारे जज्बात बदल जाते हैं।

## लाइफ Style

# अदा

## नेचर के करीब रहना ज्यादा पसंद

अदा शर्मा काफी वर्सटाइल एक्ट्रेस है। वह अब तक अलग-अलग जॉनर की फिल्में कर चुकी हैं। खासकर 'द केरल स्टोरी'में उनके अभिनय को खूब सराहा गया। इसी फिल्म के दौरान उनका एक्टिंग, डिजाइनर कपड़ों को लेकर नजरिया भी बदला।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अदा शर्मा को पिछले कुछ सालों में सोशल मीडिया से लेकर फिल्म इवेंट्स तक में बहुत ग्लैमरस अंदाज में नहीं देखा गया है।हाल ही में अदा शर्मा ने बताया कि उन्हें अहसास हो चुका है कि डिजाइनर ड्रेस पहनकर कोई स्टार नहीं बनता है। हाल ही में इंस्टेंट बॉलीवुड को दिए गए एक इंटरव्यू में अदा शर्मा बताती हैं कि जब वह फिल्म 'केरल स्टोरी'का प्रमोशन कर रही थी तो अपनी मम्मी की साड़ी पहनकर, इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करती है। क्योंकि कहानी काफी सीरियस थी। फिल्म भी हिट हुई। तब अदा शर्मा को अहसास हुआ कि डिजाइनर कपड़े पहनकर कोई सफल नहीं होता है। तभी उनका नजरिया बदला कि सिर्फ अच्छी एक्टिंग करना ही जरूरी है। आगे अदा शर्मा कहती हैं, ' बहुत सारी ड्रेस, जूतों को मेंटेन करना भी मुश्किल काम है। इसके लिए घर को बंद भी रखना है जिससे धूल-मिट्ट ना आए। लेकिन, मुझे नेचर पसंद है, चिड़िया, कबूतर देखना अच्छा लगता है, इसलिए खिड़की खुली रखती हूं। यही कारण है कि मेरा ड्रेसेस से ज्यादा इंट्रेस्ट नेचर के साथ रहने में है।' जल्द ही अदा शर्मा एक फिल्म 'तुमको मेरी कसम'में भी नजर आएंगी।



## हॉलीवुड मसाला





# रोमांचक कहानी पर आधारित

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड की कई फिल्में लगातार रिलीज हो रही हैं। दर्शक फिल्म को देख भी रहे हैं। लेकिन, अगर आप बॉलीवुड की फिल्मों से हटकर कुछ अलग एक्शन, रोमांस और ड्रामा देखने की चाहत रखते हैं तो आपको इस महीने रिलीज होने वाली इस हालीवुड फिल्म को जरूर ट्राई करना चाहिए। बोंग जून-हो द्वारा निर्देशित 'मिकी 17' फिल्म साइंस-फिक्शन एक बेहद दिलचस्प और रोमांचक कहानी पर आधारित है। इस फिल्म में रॉबर्ट पैटिनसन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।



# ब्लैक बैग 28 मार्च को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई फिल्में लगातार रिलीज हो रही हैं। दर्शक फिल्म को देख भी रहे हैं। लेकिन, अगर आप बॉलीवुड की फिल्मों से हटकर कुछ अलग एक्शन, रोमांस और ड्रामा देखने की चाहत रखते हैं तो आपको इस महीने रिलीज होने वाली इस हालीवुड फिल्म को जरूर ट्राई करना चाहिए। ब्लैक बैग एक थ्रिलर फिल्म होगी, जिसमें एक्शन और सस्पेंस का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा। ब्लैक बैग 28 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। ब्लैक बैग एक अमेरिकी जासूसी थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन स्टीवन सोडरबर्ग ने किया है। वहीं डेविड कोएप ने इस फिल्म को लिखा है। इस फिल्म में केट ब्लैंचेट, माइकल फैसबेंडर, मारिसा अबेला, टॉम बर्क, नाओमी हैरिस, रेगे-जीन पेज और पियर्स ब्रॉसनन ने मुख्य भूमिका निभाई है।



# तीन रात जागकर शूट किया था गाना

**मुंबई।** फिल्म 'रूही' में जान्हवी कपूर और राजकुमार राव लीड रोल में नजर आए। इस फिल्म में जान्हवी 'नदियों पार' गाने पर परफॉर्म करती दिखीं, जो काफी हिट हुआ है। मंगलवार 11 मार्च को इस फिल्म की रिलीज को चार साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर जान्हवी ने गाने की शूटिंग का अनुभव शेयर किया है। उन्होंने बताया कि तीन रातें जागकर उन्होंने गाना शूट किया। जान्हवी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 'नदियों पार' सॉन्ग से अपनी फोटोज शेयर की हैं। इसके साथ लिखा है, 'फिल्म 'रूही' के चार साल। मेरा पहला सोलो डांस नंबर। मैं सचमुच में किसी बच्चे की तरह थी। इस गाने को लेकर काफी घबराहट हो रही थी। मुझे यह तक नहीं मालूम था कि तेज लाइट्स में अपनी आंखों को बंद किया बैना किस तरह खुला रखना है'?



# परदे पर साथ नजर आएंगे आमिर-रणबीर

**मुंबई।** आमिर खान और रणबीर कपूर एक साथ परदे पर नजर आने वाले हैं। ऐसा कहना है खुद आलिया भट्ट का। आलिया ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें आमिर और रणबीर नजर आ रहे हैं। यह जानकर दर्शक काफी उत्साहित हैं और प्रोजेक्ट से जुड़ी डिलेट का इंतजार कर रहे हैं। आलिया एक पोस्टर हाथ में लिए नजर आ रही हैं और कह रही हैं, 'मैं आप सभी को यह दिखाने का इंतजार कर रही थी। मेरे दो फेवरेट एक्टर साथ में दिखेंगे। एक-दूसरे के आमने-सामने'। इसके बाद आलिया ने पोस्टर दिखाया, जिसमें आमिर और रणबीर कपूर नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ आलिया ने कैप्शन लिखा है, 'सर्वश्रेष्ठ की लड़ाई! मेरे दो पसंदीदा अभिनेता एक-दूसरे के खिलाफ। कुछ बेहद रोमांचक जानकारी के लिए साथ बने रहिए।

## टीवी मसाला

# बहन से गठबंधन नहीं कराएगा प्रेम जूता चुराई की रस्म में आएगा ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** अनुपमा सीरियल का मंगलवार का एपिसोड राही और प्रेम की शादी को मुकम्मल करेगा। वसुंधरा कोठारी और पराग कोठारी की नाराजगी और गौतम की चालबाजियों के बीच रीति-रिवाजों का सिलसिला आगे बढ़ेगा और पंडित जी जोड़े की शादी करवाएंगे। हर बढ़ती रस्म और



रिवाज के बीच अनुपमा, मोटी बा, लीला बा और बाकी लोग उन रस्मों का महत्व समझाते जाएंगे। फिर बारी आएगी गठबंधन की। पंडित जी प्रार्थना से आकर गठबंधन करने को कहेंगे, लेकिन प्रेम अपनी बहन से बहुत नाराज होगा। प्रेम अपनी बहन प्रार्थना से गठबंधन कराने से साफ इनकार कर देगा। वह परी से कहेगा कि तुम भी मेरी बहन जैसी ही हो, तुम यह गठबंधन करोगी। तब वसुंधरा कोठारी कहेगी कि जब तुम्हारी बहन यहां पर है तो वह यह रस्म करेगी, कोई और यह क्यों करेगा? तब प्रेम अपने परिवार को करारा जवाब देगा और कहेगा कि प्रार्थना मेरी बहन है जरूर, लेकिन ऐसा लगता है कि वो यह भूल गई है। अब उसके लिए सिर्फ एक ही रिश्ता जरूरी रह गया है तो बेहतर है कि वह उसी रिश्ते को निभाए। बात बिगड़ती देख अनुपमा दखल लेगी। अनुपमा तब प्रेम को समझाएगी कि जिसकी रस्म है वही करेगा। प्रार्थना डरी हुई होगी लेकिन फिर अपने पति गौतम के कहने पर मंडप की तरफ बढ़ेगी। प्रार्थना अपने भाई और भाभी का गठबंधन करते हुए मन ही मन कहेगी कि तुम दोनों की जोड़ी हमेशा ऐसे ही बनी रहे। वो दोनों को आशीर्वाद देगी और फिर लौट आएगी। जूता चुराई की रस्म फीकी रहेगी और ईशानी-परी बिना तंग किए सीधे ही प्रेम को जूते लौटा देंगे। वह कहेंगे कि हमें आपसे पैसे नहीं बस यह वादा चाहिए कि आप हमारी बहन को हमेशा खुश रखेंगे। लेकिन वसुंधरा कोठारी उन्हें नोटों की गड्डी देकर कहेगी कि यह तुम्हारा हक है।

## देवोलीना ने क्या बदल लिया है धर्म?

**नई दिल्ली।** देवोलीना भट्टाचार्जी ने शाहनवाज शेख से शादी की और दोनों का बेटा भी है। देवोलीना और शहनवाज की शादी पर कई सवाल भी खड़े हुए, लेकिन दोनों ने कभी उस नफरत को अपने रिश्ते में नहीं आने दिया। दोनों के अलग-अलग धर्म को लेकर भी उन्हें नेगेटिविटी का सामना करना पड़ा था। अब देवोलीना ने अपने व्लॉग्स के जरिए ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया है जो उनके रोजा सेलिब्रेट करने पर सवाल खड़ा कर रहे थे। देवोलीना ने कहा, 'हमारे फेस्टिवल्स को लेकर कई लोग कमेंट कर रहे हैं तो मैं बताना चाहूंगी कि ये लाइफ मेरी और शाहनवाज की है और मुझे इसमें किसी की दखलअंदाजी नहीं चाहिए। दुख की बात यह है कि ज्यादातर औरतों बोलती हैं जो मेरे बच्चे या मुझपर कमेंट करती हैं। लेकिन, आपको खुद के अंदर देखना होगा तभी आप दूसरों को अच्छे से देखेंगे।' मेरे पति मेरे साथ मेरे सारे फेस्टिवल मनाते हैं, इसलिए मैं उनके साथ उनके फेस्टिवल खुशी-खुशी मनाती हूं। जो हमारे फेस्टिवल नहीं भी होते उन्हें भी हम मनाते हैं खुश होकर। देखिए धर्म, जात-पात को लेकर काफी नफरत है, लेकिन हमारे घर में ऐसा कुछ नहीं है।



# भाई की फिल्म ने तोड़ी धर्मेंद्र की इमेज

## एक गाने में डांस देख हेमामालिनी भी हुई थीं लट्टू

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड के 'ही मैन' धर्मेंद्र ने साल 1960 में फिल्म 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' से एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। पहली फिल्म से उन्हें पहचान नहीं मिल पाई थी। लेकिन, साल 1975 में उन्होंने एक ऐसी फिल्म में काम किया था कि उनकी पूरी इमेज ही बदल गई थी।*

***'गरम धरम' की मिली इमेज*** *: यूं तो धर्मेंद्र को अपनी पहली फिल्म के बाद असल पहचान फिल्म 'फूल और पत्थर' से मिल गई थी। ये धर्मेंद्र के कॅरियर की पहली हिट फिल्म थी। लेकिन, इसके बाद भी उन्हें इडंस्ट्री में वो मुकाम नहीं मिला था। फिर साल 1975 में एक ऐसी फिल्म आई जिसने धर्मेंद्र के कॅरियर को पूरी तरह बदल दिया था। इस फिल्म के प्रोड्यूसर उनके भाई थे और फिल्म की कहानी भी उन्हीं की थी। इस फिल्म से उन्हें 'गरम धरम' की इमेज मिली थी।*

***हिट की गारंटी बन गए थे धर्मेंद्र*** *: छैल छबीले धर्मेंद्र की माचो मैन वाली छवि देने वाली उस फिल्म का नाम है प्रतिज्ञा। इस फिल्म के एक गाने 'मैं जट यमला पगला*



*दीवाना'में धर्मेंद्र ने ऐसा डांस किया था कि खुद हेमा मालिनी भी उन पर लट्टू हो गई थीं। भाई की बनी इस फिल्म में धर्मेंद्र ने ऐसा जबरदस्त रोल निभाया था कि लोग उनके दीवाने हो गए थे। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई बड़े कमाई के रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। इसी से मिली गरम-धरम की इमेज मिली। इसके बाद धर्मेंद्र हिट की गारंटी बन गए थे।*

***टर्निंग प्वाइंट मानी जाती है 'प्रतिज्ञा'*** *: फिल्म 'प्रतिज्ञा' धर्मेंद्र के निजी जीवन और कॅरियर दोनों का टर्निंग प्वाइंट मानी जाती है। पहला टर्निंग प्वाइंट तो यही के तमाम बातों, मुलाकातों और आठ फिल्मों तुम हसीं मैं जवां, शराफत, नया जमाना , सीता और गीता, राजा जानी, जुगनू, दोस्त व पत्थर और पायल में साथ काम करने के बाद हेमा मालिनी और धर्मेंद्र ने इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान पहली बार एक-दूसरे के दिल की बात जानी थी।*

***मैं जट यमला पगला दीवाना*** *: धर्मेंद्र के भोलेपन पर हेमा मालिनी 'मैं जट यमला पगला दीवाना' की शूटिंग वाले दिन ही फिदा हो गई थीं और गाने की शूटिंग पूरे करने के बाद हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के सामने पहली बार उनकी मोहब्बत को एक्सेप्ट किया था। बता दें कि इस फिल्म के करीब पांच साल बाद दोनों ने शादी रचा ली थी। धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की जोड़ी इसके बाद 21 फिल्मों में और बन। फिल्म का दूसरे टर्निंग प्वाइंट में धर्मेंद्र का निजी और व्यावसायिक जीवन दोनों शामिल है।*

# 'छावा' बनीं 10वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली ब्लॉकबस्टर



***मुंबई।*** *विक्की कौशल की हिस्टोरिक फिल्म 'छावा' आए दिन एक नया माइल्स टोन सेट करती जा रही है। यह साल की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म बनी है। इसने 500 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन किया। यह भारत की 10वीं ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म बन गई है। विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना स्टारर 'छावा' अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में अपनी जगह बना ली है। फिल्म ने अब सनी देओल की 'गदर 2' को पछाड़कर ऑल टाइम इंडियन बॉक्स ऑफिस चार्ट पर 10वां स्थान हासिल कर लिया है। ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, छावा ने भारत में 526.05 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है, जो 'गदर 2' के कलेक्शन से भी ज्यादा है। 'गदर 2' ने कुल 525.7 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। इसमें छावा का तेलुगू वर्जन का कलेक्शन भी शामिल है। 'छावा' साल की पहली हिंदी रिलीज में से एक है जिसका तेलुगु वर्जन भी है। शाहरुख खान की जवान इस मामले में टॉप पर है।*

## 20वीं सदी में डिजिटल मीडिया न होने के कारण कई लव स्टोरीज रह गईं गुमनाम

# बॉलीवुड के इस एक्टर के प्यार में दीवानी थीं ये 5 एक्ट्रेसेज

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के ट्रैजेडी किंग दिलीप कुमार का चार्म ऐसा था कि जो भी उनके करीब आया, वही उनका दीवाना हो गया। 20वीं सदी में डिजिटल मीडिया न होने के कारण कई लव स्टोरीज गुमनाम रह गईं, लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में उनके चर्चे हमेशा जिंदा रहे। उनकी जिंदगी में पांच बड़ी एक्ट्रेसेज आईं, जिनमें से चार प्रेम कहानी अधूरी रह गई। एक ही एक्ट्रेस को उनका प्यार मिला।*

### कमिनी कौशल : परिवार के विरोध में टूटा रिश्ता

बहुत कम लोग जानते हैं कि गुजरे जमाने की



एक्ट्रेस कमिनी कौशल कभी दिलीप कुमार की दीवानी थीं। हालांकि, उनके भाई ने इस रिश्ते को कभी स्वीकार नहीं किया। उनके भाई और परिवार के चलते दोनों को अलग होना पड़ा। लंदन के एक इवेंट में जब उनसे इस अफेयर पर सवाल किया गया, तो उन्होंने इसे टाल दिया।

### मधुबाला : 9 साल का लंबा अफेयर

दिलीप कुमार और मधुबाला की प्रेम कहानी बॉलीवुड की सबसे मशहूर प्रेम कहानियों में से एक है। नौ साल तक चले इस रिश्ते में सगाई तक की खबर थी। एक्ट्रेस की बहन ने दोनों की सगाई की खबर की पुष्टि की थी। लेकिन, फिल्म 'नया दौर'के विवाद के दौरान जब दिलीप कुमार ने मधुबाला का साथ नहीं दिया, तो उनका दिल टूट गया। मधुबाला चाहती थीं कि दिलीप उनके पिता से माफी मांगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और उनका रिश्ता खत्म हो गया। ये इंडस्ट्री की सबसे चर्चित अधूरी लव स्टोरी बन गई।



### सायरा बानो : उम्र का फासला नहीं आया प्यार में आड़े

सायरा बानो, दिलीप कुमार से 22 साल छोटी थीं, लेकिन प्यार की कोई उम्र नहीं होती। उन्होंने 1966 में शादी कर ली और उनकी मोहब्बत आज भी मिसाल बनी हुई है। हालांकि, इस शादी में भी एक वक्त ऐसा आया जब दिलीप कुमार ने उन्हें तलाक देकर असमा रहमान से शादी कर ली। लेकिन, कुछ समय बाद उन्हें अपनी गलती का एहसास हुआ और वह फिर से सायरा बानो के पास लौट आए। दोनों ने की शादो 55 साल तक चली। साल 2021 में एक्टर के निधन के बाद भी सायरा अपने साहब को याद करती हैं।



### अस्मा रहमान : दिलीप की सबसे बड़ी गलती

दिलीप कुमार ने अपनी ऑटोबायोग्राफी में लिखा है कि अस्मा रहमान से शादी करना उनकी जिंदगी की सबसे बड़ी गलती थी। अस्मा से उनकी मुलाकात हैदराबाद में एक क्रिकेट मैच के दौरान हुई थी, जहां वह अपने पति और तीन बच्चों के साथ रहती थीं। दिलीप साहब को बाद में एहसास हुआ कि वह सिर्फ शोहरत की वजह से उनके करीब आई थीं, इसलिए उन्होंने यह रिश्ता तोड़ दिया। आसमा एक्टर की दूसरी पत्नी मानी जाती हैं।



### वैजयंतीमाला ऑनस्क्रीन रोमांस, लेकिन अधूरी मोहब्बत

दिलीप कुमार और वैजयंतीमाला की जोड़ी ने पर्दे पर धमाका किया था। फिल्म मधुमती, गंगा जमुना जैसी छह फिल्मों में साथ काम करने के बाद दोनों के अफेयर की चर्चा खूब हुई थी। लेकिन, जब असल जिंदगी की बात आई, तो वैजयंतीमाला ने किसी और से शादी कर ली और दिलीप कुमार को आगे बढ़ना पड़ा। इनके अफेयर की खबर उस समय की फिल्म मैगजीन में खूब छपे थे।

## खबर संक्षेप



### बाबा सेवादास की याद में लगा दाल चूरमा का भंडारा

**मंडी अटेली।** बाबा सेवादास की याद में गांव नांगल-अटेली में बाबा का भंडारा मंगलवार को हुआ। समस्त गांव की ओर से हुए भंडारे में बाबा के स्थान पर समाधि पर ग्रामीणों ने अपनी मन्नतें मांगी। बाबा के भंडारे में दाल चूरमा के भंडारे में आसपास के गांवों के भक्तों व महिलाओं ने बाबा के स्थान पर अपना मत्था टेका। इस मौके पर सुरेन्द्र बाबू, लालचंद, दशरथ बाबूजी, सज्जन सिंह सरपंच जयपाल, भूपेंद्र सरपंच, राजेंद्र मास्टर, राजू, कृष्ण बाबूजी, पूर्व सरपंच धर्मेंद्र लोग मौजूद रहे।

### यादव सभा ने किया अंकित कुमार का सम्मान

**महेंद्रगढ़।** यादव सभा द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में गांव नांगल हरनाथ निवासी अंकित कुमार को सम्मानित किया गया। अंकित का चयन डॉ. भाभा रिसर्च सेंटर में टेक्निकल आफिसर के रूप में हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर समाज के लोगों ने सराहना की और उनका उत्साहवर्धन किया। यादव सभा प्रधान एडवोकेट अभयराम यादव ने कहा कि हमारे समाज में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो बस सही मार्गदर्शन और अवसर देने की। उन्होंने कहा कि अंकित कुमार की सफलता युवाओं के लिए प्रेरणादायक है और इससे समाज के अन्य युवा भी विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगे। सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से राव रामकुमार, महावीर डीपी, रोहताश सचिव, जगदीश, श्रीचंद प्रवक्ता, बाबूलाल आदि मौजूद थे।

*क्रैशरों की अनियमिताओं पर नहीं लग रहा अंकुश*

# लोकल अधिकारियों की नियुक्ति से अवैध खनन की बढ़ी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

**खास बातें**
- शहबाजपुर गांव में बाईपास निर्माण स्वीकृत करने व धौलेड़ा नारनौल सड़क निर्माण में तेजी लाने की मांग
- निजामपुर थाना इंचार्ज पर लापरवाही के आरोप

हलके से कांग्रेसी विधायक मंजू चौधरी ने विधानसभा सत्र में अवैध खनन व क्रैशरों की अनियमिताओं का मुद्दा उठाया। कहा कि अवैध खनन रोकने की जिम्मेवारी जिले के ही लोकल अधिकारियों को सौंपी गई है, जोकि माफिया के साथ साजबाज होकर हरियाली को नुकसान पहुंचा रहे हैं। दूसरी तरफ अधिकांश क्रैशरों पर विभागीय प्रशासनिक अधिकारी मुकदर्शक बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि नांगल चौधरी हलके में अवैध खनन और ओवरलोड बड़ी समस्या है। अरावली के अंतर्गत पहाड़ व नदियों में धड़ल्ले से अवैध चल रहा है। हरे पेड़ों कटाई पर अंकुश नहीं लगने से पर्यावरण में जहरीली गैसों की मात्रा बढ़नी आरंभ हो गई है।

हालांकि सरकार ने खनन व हरे पेड़ों की कटाई रोकने के लिए अधिकारी नियुक्त कर रखे हैं, लेकिन अधिकांश अधिकारी लोकल हैं जिनकी माफिया के साथ सांठगांठ संभव है। इसके बाद



उन्होंने शहबाजपुर गांव में बाईपास निर्माण करने की मांग रखी। कहा कि रोजाना सैकड़ों ओवरलोड डंपर गांव के साथ निर्मित सड़क से गुजरते हैं। इस दौरान ग्रामीणों को जानलेवा हादसे का अंदेशा बना रहता है।

दूसरी तरफ सरकार ने धौलेड़ा नारनौल सड़क मार्ग निर्माण का बजट स्वीकृत किया है। टैंडर छूटने के बाद ठेकेदार ने निर्माण प्रक्रिया आरंभ कर दी, लेकिन निर्माण की धीमी रफ्तार होने के कारण करीब पांच गांवों के ग्रामीणों को परेशानी हो रही है।

इसके बाद उन्होंने निजामपुर थाना इंचार्ज पर लापरवाही के आरोप लगाएए कहा कि बीते तीन चार महीने से लोगों को परेशान करने की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से आरोपित एसएचओ के कार्यकाल में दर्ज सभी मुकदमों की जांच कराने की मांग की है।

**दोहान पच्चीसी व नलवाटी में फसलों**

सदन में विधायक मंजू चौधरी ने कहा कि बीते दिनों बेमौसमी बारिश तथा ओलावृष्टि होने से नांगल चौधरी हलके में नलवाटी व दोहान पच्चीसी के गांवों में फसलों को 90 से 95 फीसदी तक नुकसान हुआ है। जिससे प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवा दिया। इसके बावजूद अभी तक विशेष गिरदावरी आरंभ नहीं हुई है। सरकार को तुरंत प्रभाव से नुकसान का आंकलन करके पीड़ित किसानों को आर्थिक मदद देनी चाहिए।

## संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर लघु सचिवालय में एकत्रित हुए किसान

# किसानों ने किया प्रदर्शन, 50 हजार प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग

**सरकार को किसानों से तनिक भी सरोकार है तो फसल खराबे का मुआवजा सरकार अपने खजाने से खुद दे, क्योंकि बीमा कंपनियों के भरोसे किसानों को फसल खराबे का मुआवजा दो-दो साल तक नहीं मिलता।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल




नारनौल। मुआवजा की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते किसान।

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर मंगलवार को किसान लघु सचिवालय में एकत्रित हुए। इस अवसर पर किसानों ने विरोध प्रदर्शन कर 28 फरवरी व एक मार्च के मध्य हुई ओलावृष्टि से किसानों की रबी फसल सरसों व गेहूं तथा सब्जी में हुए नुकसान का प्रति एकड़ 50 हजार रुपये के हिसाब से मुआवजा तत्काल जारी करने व केन्द्र सरकार की ओर से 25 नवंबर 2024 को जारी कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति फ्रेमवर्क को हरियाणा विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर वापस करने की मांग की।

स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश अनुसार खरीद की कानूनी गारंटी देने सहित किसानों व खेत मजदूरों की मांगों को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल किसान संगठन ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला सचिव डा. व्रतपाल सिंह की अगुवाई में रामस्वरूप नम्बरदार, शेरसिंह बसीरपुर, कामरेड दिलीप सिंह, बलबीर सिंह, हंसराज गणियार, छाजूराम रावत, घनश्याम ने मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन जिला राजस्व अधिकारी राकेश कुमार को सौंपा। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला सचिव डा. व्रतपाल सिंह ने कहा कि 28 फरवरी व एक मार्च के मध्य ओलावृष्टि में सबसे ज्यादा नुकसान महेन्द्रगढ़ जिला के किसानों का हुआ है। इस इलाके की मुख्य रबी फसल सरसों जो किसानों के लिए प्रमुख नगदी फसल है। ओलावृष्टि में बिल्कुल बर्बाद हो गई। सरकार किसानों को पोर्टल में उलझा रही है। मौसम फिर से खराब होने की चिंता में किसान अपनी बची खुची सरसों फसल को कटाई कर भेली करने में लगा है। गेहूं में भी भारी नुकसान है तथा सब्जी तो पूरी तरह ही नष्ट हो गई। किसानों की इस संकट की घड़ी में सरकार किसानों की सुध ले। उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों से तनिक भी सरोकार है तो फसल खराबे का मुआवजा सरकार अपने खजाने से खुद दे, क्योंकि बीमा कंपनियों के भरोसे किसानों को फसल खराबे का मुआवजा दो-दो साल तक नहीं मिलता। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में जमा रकम का ज्यादातर हिस्सा बीमा कंपनियां हड़प जाती है, किसान को दिए जाने वाले मुआवजा भुगतान की दर मात्र 6.7 प्रतिशत ही है।

**संयुक्त किसान मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन**

संयुक्त किसान मोर्चा ज्ञापन के माध्यम से पुरजोर मांग करता है कि लागत खर्च से डेढ़ गुना एमएसपी पर फसलों की सरकारी खरीद का गारंटी कानून बनाया जाए, बिजली बिल 2023 व स्मार्ट बिजली मीटर स्कीम पर रोक लगाई जाए, किसानों व खेत मजदूरों की कर्जमुक्ति, बुढ़ापा पेंशन 10 हजार रुपये प्रति माह, खाद, बीज, कीटनाशक, डीजल आदि कृषि उपयोगी चीजों को सस्ते दामों पर पर्याप्त मात्रा में समय पर उपलब्ध करवाया जाए, शहरी व ग्रामीण गरीबों को साल भर रोजगार देने व मनरेगा स्कीम का विस्तार करते हुए मनरेगा स्कीम के तहत गांव गांव में पूरे साल काम देने व मनरेगा मजदूरी की दिहाड़ी बढ़ाने, गांवों के जोहड़ को नहरी पानी से गर्मी आने से पहले भरने, किसानों के लम्बित ट्यूबवेल कनेक्शन जारी करने, लम्बित बीमा क्लेम व फसल खराबे का मुआवजा जारी करने, गेहूं समेत अन्य फसलों पर बोनस जारी करने, सहकारी समितियों में किसानों के नए खाते खोलने व किसानों को कृषि ऋण जारी करने की मांग की।



कनीना। छात्रा मनीता को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## रामचंद्र स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

राव रामचंद्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय साइंस मॉडल प्रतियोगिता में इंस्पायर अवार्ड प्राप्त करने वाली छात्रा मनीता के सम्मान में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि यह प्रतियोगिता एससीईआरटी गुरुग्राम द्वारा जिला स्तर पर आयोजित की गई थी।

संस्था चेयरमैन रोशनलाल यादव ने कहा कि विद्यालय स्तर पर बच्चों को साइंस से संबधिंत रचनात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण प्रदान करने से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास होने के साथ-साथ उनकी चिंतन व तार्किक शक्ति का विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए उच्च स्तरीय अटल लैब व विज्ञान प्रयोगशाला की उत्तम व्यवस्था है, जो बच्चों में विज्ञान विषय के प्रतिरूचि उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। निदेशक विपुल राव ने कहा कि साइंस मॉडल प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच के विकास के साथ-साथ उनमें सृजनात्मक चिंतन का विकास करना है। प्राचार्य हरिप्रकाश शर्मा ने कहा कि इन प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को विज्ञान से संबधिंत नवाचार से अवगत कराया जाता है। उन्होंने साइंस मॉडल प्रतियोगिता में इंस्पायर अवार्ड प्राप्त करने वाली छात्रा मनीता को शुभकामना दी।

## आरपीएस डिग्री कॉलेज में विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

आरपीएस डिग्री कॉलेज के गणित विभाग द्वारा 11 मार्च को सेमिनार हॉल में इंटीग्रल ट्रांसफॉर्म और इसके अनुप्रयोग विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का मुख्य वक्ता डॉ. मनमोहन वशिष्ठ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी रोपड़ थे।

कार्यक्रम की शुरुआत द्वीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिसमें कॉलेज डॉयरेक्टर डॉ. महेश यादव, रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र यादव, प्रिंसिपल डॉ. देवेंद्र कादयान, डीन डॉ. हेमंत कुमार, पीजी हैड प्रो. वाईपी सिंह, गणित विभागाध्यक्ष प्रो. विकास यादव और गणित विभाग के अन्य संकाय सदस्य उपस्थित है। इस दौरान डॉ. महेश यादव ने डॉ. मनमोहन वशिष्ठ का स्वागत करते हुए एक संक्षिप्त परिचय दिया।

इसके बाद डॉ. मनमोहन वशिष्ठ को सम्मानित करने के लिए उन्हें शॉल पहनाकर स्वागत किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. विकास यादव ने बताया कि कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित हुआ पहले भाग में करियर मार्गदर्शन प्रदान किया गया, जिसमें छात्रों को उच्च शिक्षा और रोजगार के अवसर के बारे में जानकारी दी गई। दूसरे सत्र में इंटीग्रल ट्रांसफॉर्म के अनुप्रयोग पर विस्तार से चर्चा की गई, जिससे छात्रों को इस विषय की गहरी समझ मिली और इसके माध्यम से उच्च शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ने के लिए छात्रों को मार्गदर्शन मिलेगा।

सत्र के दौरान उपस्थित एमएससी गणित आनर्स और नॉन मेडिकल के छात्रों ने इस कार्यक्रम में बहुत कुछ सीखा। छात्रों ने बताया कि उनके दृष्टीकोण को व्यापक के और उन्हें अपने भविष्य के लिए नए रस्ते दिखाए। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. मनमोहन वशिष्ठ को एक सम्मान चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। पीजी हैड वाईपी सिंह ने डॉ. मनमोहन वशिष्ठ का धन्यवाद किया।

### *इंटरनेशनल कॉमर्स ओलम्पियाड में यदुवंशी ने लहराया परचम*

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन के 33 विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय कॉमर्स ओलम्पियाड में सफलता प्राप्त कर अपने विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। ज्ञातव्य हो कि कॉमर्स ओलम्पियाड परीक्षा का आयोजन साइंस ओलम्पियाड फाउंडेशन के द्वारा किया गया था। जिसका उद्देश्य वाणिज्य एवं विषय के प्रति विद्यार्थियों में रूचि उत्पन्न करना था। परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 11वीं कक्षा में खुशी, सपना, नैंसी, प्रिया, लक्ष्य, शिवानी, तनु, यमन, कृष, पारूल, हन्नी, गौरव, यश, तेजस, सक्षम, केशव, लक्ष्य ने सफलता हासिल की। वहीं 12वीं कक्षा में रेणू, मन्नु, मुस्कान, यसलीन, मुस्कान यादव, मधु, खुशबू, नैना, मिनाक्षी, सौरव, विशांत, हिमांशु, कुणाल, कुशल, हार्दिक, अतिशेक ने सफलता प्राप्त की।

## सीएल स्कूल में विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल




नारनौल। सीएल स्कूल में छात्रा को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

सीएल पब्लिक स्कूल के छात्र तुषार पुत्र जितेन्द्र कुमार व छात्रा मानसी पुत्री प्रदीप कुमार ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की ओर से अयोजित फाउंडेशन कोर्स की परीक्षा में सफलता अर्जित कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। स्कूल प्राचार्य रविन्द्र सिंह ने बताया कि यह कोर्स पांच वर्षो का होता है। जिसमें तीन चरण होते हैं पहला फाउंडेशन, दूसरा इंटरमिडियेट व तृतीय चरण फाइनल कहलाता है। इसके बाद विद्यार्थी किसी भी भारतीय व विदेशी कंपनी में चार्टर्ड अकाउंटेंट, फाइनेंशियल एनालिस्ट, फाइनेंस रिसर्चर के पद पर कार्य कर सकता है। इस अवसर पर प्रबंधक निदेशक डा. अमित गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट वाणिज्य जगत की प्रतिष्ठित परीक्षा होती है। जिसमें सफलता पाना बेहद चुनौती पूर्ण कार्य होता है, लेकिन सीएल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा व शिक्षकों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन में सफलता हासिल करके यह सिद्ध कर दिया कि यदि हौसले बुलंद हो तो कामयाबी अवश्य मिलती है।

## एचपीएस स्कूल की छात्रा रही योगिता को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

**नारनौल।** हरियाणा पब्लिक स्कूल की होनहार छात्रा रही क्षेत्र के ग्रामीण अंचल के गांव अमरपुर जोरासी निवासी योगिता शर्मा पुत्री उगेश शर्मा सोमवार को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के हाथों से मेडल प्राप्त कर सम्मानित हुई। विद्यालय डीन मनोज भारद्वाज व प्राचार्य सुनील यादव ने बताया कि योगिता विद्यालय की होनहार छात्रा रही है और गुरु जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी हिसार से 2021 बैच में फूड टेक्नोलॉजी विषय से एमटेक इंजीनियरिंग में यूनिवर्सिटी टॉप करने पर सोमवार को गुरु जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी में आयोजित छठे दीक्षांत समारोह में भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व जीजेयू के वाइस चांसलर ने गोल्ड मेडल व सर्टिफिकेट भेंट कर सम्मानित किया। योगिता की इस उपलब्धि पर विद्यालय एमडी डा. हितेश वर्मा, निधि वर्मा, निदेशक पुष्करमल वर्मा व अध्यापकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# होली पर्व आपसी प्रेम व भाईचारे का त्योहारः प्रदीप

- मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में होली मिलन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में भाग लेती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक महिलाओं ने पहुंचकर होली मिलन समारोह का आनंद उठाया। विद्यालय में पहुंची महिलाओं के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता का भी आयोजन करवाया गया। कोर्डिनेटर भूपेंद्र सैनी ने बताया कि होली मिलन समारोह महिलाओं के बीच करवाया गया था। इस कार्यक्रम के दौरान पहुंची महिलाओं ने सर्वप्रथम सांस्कृतिक कार्यक्रम का भरपूर लुत्फ उठाया। उसके बाद महिलाओं की रस्सा कस्सी, मटकी रेस, म्यूजिकल चेयर रेस आदि करवाई गई। जिसका सभी ने खूब आनंद उठाया।

चेयरमैन सतन सिंह ने कहा कि हमें बड़ी खुशी है कि हमारे अभिभावक इस सम्मेलन के महत्व को समझते है। विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास के लिए अभिभावक का सजग होना अत्यंत आवश्यक है। प्राचार्य प्रदीप कुमार ने कहा कि होली पर्व आपसी प्रेम व भाईचारे का त्यौहार है। हम सभी को इस पर्व के महत्व को समझते हुए तिलक होली खेलनी चाहिए। कार्यक्रम में पहुंची सभी महिला अभिभावकों को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए स्कूल की वाइस चेयरपर्सन मंजू यादव व वाइस प्राचार्य मधुबाला ने उनका आभाव व्यक्त किया।



नारनौल। शोभा यात्रा का शुभारम्भ करते प्रमुख समाजसेवी अतरलाल।

### पाथेड़ा में श्याम निशान शोभा यात्रा निकाली

**नारनौल।** पाथेड़ा गांव में श्याम निशान शोभा यात्रा, जागरण, हवन व भंडारा आयोजित किया गया। प्रमुख समाजसेवी अतरलाल ने श्याम मंदिर से शोभा यात्रा का शुभारंभ पावन निशान झंडा दिखाकर किया। उन्होंने इतना बड़ा समारोह आयोजित करने के लिए आयोजन समिति की संयोजक पूनम देवी व श्याम भगतों का धन्यवाद किया और खाटू नरेश श्याम से सभी श्रद्धालुओं की तरक्की तथा खुशहाली की कामना की। शोभा यात्रा के दौरान श्याम भक्तों ने हारे का सहारा श्याम प्यारा के जयकारों से पूरे गांव को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। डीजे की धून पर नाचते गाते गुलाल अबीर उड़ाते गांव में भक्ति और आनंद का माहौल बना दिया। प्रवीन राणिला तथा आरती शर्मा की गायन पार्टी ने खाटू श्याम बाबा की महिमा का गुणगान कर भक्तों को भाव विभोर कर दिया।

**कार्यक्रम** पेयजल व्यवस्था के संचालन के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

# ग्राम पंचायतें निभाएं सरकारी जन भागीदारीः उपमंडल अभियंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जल जीवन मिशन के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से राजकीय महाविद्यालय सिहमा में खंड की ग्राम पंचायतों की ग्राम जल एवं सीवरेज समिति, पीआरआई सदस्यों के लिए एक दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में उपमंडल अभियंता मुकेश कुमार मुख्यातिथि व प्राचार्य डा. सुनील कुमारए विशिश्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उपमंडल अभियंता ने कहा कि जल जीवन मिशन भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। जिसमें ग्राम जल एवं सीवरेज समिति, पीआरआई, सेल्फ हेल्प ग्रुप के सदस्य विभाग के साथ सरकारी जन भागीदारी निभाकर हर घर नल से स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लक्ष्य को निरंतर प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



नारनौल। उपस्थितजनों को संबोधित करते विभाग के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**पेयजल संचालन व रखरखाव की जानकारी दी**

जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने पेयजल व्यवस्था के संचालन एवं रखरखाव की नीति 2025 के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध करवाई। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से एकल ग्राम योजना के तहत शामिल ग्राम पंचायतों में एक अप्रैल 2025 से व बहु ग्राम योजना की ग्राम पंचायतों में एक अप्रैल 2026 से नई नीति को लागू किया जा रहा है। जिससे ग्राम पंचायतों की शक्तियों में बढ़ोतरी होगी। वहीं ग्राम जल एवं सीवरेज समिति और अधिक सशक्त होगी।

**जल संरक्षण के दिए टिप्स**

बीआरसी अशोक यादव ने जीपीडीपीए 15वां वित आयोग के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि ग्राम पंचायते इसके तहत भी जल एवं स्वच्छता के संचालन व व्यवस्था के लिए बजट खर्च करने का प्रावधान है। बीआरसी इंद्रजीत ने ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के कार्यों व उद्देश्यों के बारे में बताया। बीआरसी विक्रम सिंह ने जल संरक्षण के टिप्स बताएं। महाविद्यालय की छात्रा प्रिया, ने जल संरक्षण में दिए भाषण में कहा कि जल बहुत ही कीमती है। इसे व्यर्थ होने से बचाएं। मंच का संचालन बीआरसी मोहित कुमार ने किया। इस मौके पर जेई एनपी रंगा, बीआरसी धर्मेंद्र, बीआरसी इंद्रजीत, बीआरसी निशू, बीआरसी अनिता, एसबीएम से ब्लॉक कॉर्डिनेटर ममता सहित सरपंच, पंच, ग्राम सचिव, नलकूप चालक, सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाएं, कॉलेज की छात्राएं आदि मौजूद थे।



नारनौल। टीचर को यूनिफॉर्म भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## यदुवंशी स्कूल में टीचरों को यूनिफॉर्म भेंट की

**नारनौल।** होली के पावन पर्व पर शैक्षणिक स्टाफ की मेहनत से प्रसन्न होकर यदुवंशी एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन व पूर्व विधायक नांगल चौधरी राव बहादुर सिंह ने यदुवंशी डिग्री कॉलेज के शिक्षक व शिक्षिकाओं को प्रसन्न होकर होली पावन पर्व पर निःशुल्क यूनिफॉर्म भेंट की। समस्त स्टाफ सदस्यों ने प्रसन्नता पूर्वक अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया जब से हमने इस ग्रुप को ज्वॉइन किया, तब से लेकर आज तक चेयरमैन ने अपना परिवार मानकर हर तरह से हमारा ख्याल रखने में एक मसीहा रूप में भूमीका निभाई हैं। संस्था डायरेक्टर सुरेश यादव ने अपने विचार रखते हुए कहा अनुशासन का प्रतीक है यूनिफॉर्म। डा. प्रदीप यादव ने बताया कि हर समय हमने स्टाफ व अभिभावकों के सपनों का ख्याल रखा है। जिसके कारण एक से एक बेहतरीन रिजल्ट्स हमें प्राप्त हुए हैं। प्राचार्य बजरंग लाल व उप प्राचार्या सोनल यादव ने कहा कि यूनिफॉर्म हमें गौरवान्वित करती है और हमें समय समय पर जिम्मेदारियों का एहसास दिलाती है।

### लघु सचिवालय में चलाया सफाई अभियान

**महेंद्रगढ़।** स्वच्छ शहर अभियान के तहत मंगलवार को स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को लघु सचिवालय परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में सचिवालय के सभी विभागों के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। अधिकारियों, कर्मचारियों व आरपीएस के एनएसएस के विद्यार्थियों ने गलियारों, पार्किंग क्षेत्र और आसपास के परिसर की सफाई की। एसडीएम अनिल कुमार यादव ने कहा कि स्वच्छ वातावरण न केवल स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह कार्यक्षमता और सकारात्मकता को भी बढ़ाता है। उन्होंने स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया। एसडीएम ने लघु सचिवालय परिसर के दुकानदारों को प्लास्टिक की चीजों जैसे गिलास आदि का प्रयोग नहीं करने के निर्देश दिए, अगर ऐसा करता कोई पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### ट्रांसफार्मर चालू लोने से किसानों को राहत

**महेंद्रगढ़।** जिले में खेतों में ढाणी बनाकर रहने वाले लोगों की सुविधा को लेकर बिजली निगम द्वारा गुजरात की तर्ज पर एक फेज वाले ट्रांसफार्मर लगाए गए थे, जिन्हें पैट ट्रांसफार्मर कहते हैं। जिन पर सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च किए थे। पिछले एक वर्ष से ये ट्रांसफार्मर शो-पीस बनकर रह गए हैं। ऐसे में सरकार की ग्रामीणों को सविधा देने के लिए बनाई गई करोड़ों रुपये की योजना निगम के अधिकारियों की कार्यप्रणाली के चलते धूल फांक रही है। इस कड़ी में अकेले महेंद्रगढ़ डिवीजन में लाखों रुपये खर्च कर दर्जनों ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं।

### ट्रांसजेंडर अधिकारों पर किया जागरूक

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान (एनआईएसडी) के सहयोग से ट्रांसजेंडर व्यक्तियों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 18 और 19 मार्च को किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य ट्रांसजेंडर व्यक्तियों पर केंद्रित अधिकारों का संरक्षण अधिनियम, 2019 और नियम, 2020 के अंतर्गत ट्रांसजेंडर अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इसमें कानूनी साक्षरता, सामाजिक समावेशन और ट्रांसजेंडर समुदाय के समक्ष आने वाली चुनौतियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया जाएगा।

### परिवार की खुशहाली के लिए लगाई सवामणी

**महेंद्रगढ़।** श्री गौशाला धोलपोश आश्रम में सोमवार को एकादशी पर तीन सवामणी आयोजित की गई, जिसमें राजेश शर्मा पुत्र स्व. ईश्वर लाल शर्मा खेरवाडी बांद्रा मुंबई, श्याम परिवार ईस्ट मुम्बई से मनीष ने अपने परिवार के साथ परिवार की सुख शांति समृद्धि के लिए सवामणी का आयोजन कर गायों को चाट खिलाई। गौशाला धोलपोश प्रधान रविंद्र तिवाड़ी ने कहा कि गौसेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे हिंदू शास्त्रों के अनुसार गो-सेवा सबसे बड़ा धर्म है, जो व्यक्ति सच्चे मन से गो-सेवा करता है।

### गुवानी में बाबा गैबीराम का मेला 14 को

**मंडी अटेली।** बाबा गैबीराम का मेला गांव गुवानी में 14 मार्च घुलंडी के दिन भरेगा। इस मेले में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं होगी। इस मेले में मुख्य अतिथि भिवानी महेंद्रगढ़ सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ववििशष्ट अतिथि जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार रहेंगे। जानकारी देते हुए मेला कमेटी सदस्य एवं सरपंच प्रतिनिधि दिनेश यादव बताया कि मेले में कुश्तियां 51 रुपये से लेकर 51 हजार तक करवाई जाएंगी। अगर मेले में अच्छे व बड़े पहलवान आने पर कुश्तियां की राशि बढ़ाई जा सकती है।

### दमकल विभाग की गाड़ियां बढ़ाने की मांग

**महेंद्रगढ़।** सामाजिक संगठनों ने महेंद्रगढ़ में दमकल विभाग मे छोटी व बड़ी गाड़ी को बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा ने बताया कि महेंद्रगढ़ क्षेत्र में लगभग 110 गांव आते हैं और जब भी कहीं आगजनी की घटना होती है तो कम गाड़ियों के अभाव के कारण सही समय पर विभाग की गाड़ी व कर्मचारी नहीं पहुंच पाते हैं, जिससे बड़ी घटनाएं घट जाती हैं। गर्मी के मौसम में तापमान अधिक होने के कारण विभाग को दो मिस्ट गाड़ियों की सख्त जरूरत है।

### ताजपुर में आज से होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मंडी अटेली।** खण्ड के गांव ताजपुर में 12 मार्च से बाबा नृसिंह भगवान मंदिर परिसर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, जबकि 13 मार्च से वॉलीबाल स्मेसिंग, कबड्डी तथा मेला व भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए पूर्व सरपंच इंद्रजीत ने बताया कि आज 12 मार्च को दिन के समय संजय पटेल, कंचन यादव, मंनु तंवर, अरुण बोस व मनीषा मरजाणी द्वारा मनोरंजन किया जाएगा, जिसमें जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार व अन्य मौजूद रहेंगे।

# सेंट्रल इंडस्ट्रीरियल सिक्योरिटी फोर्स में 1048 ट्रेडमैन भर्ती के ऑनलाइन आवेदन शुरू, युवाओं में आवेदन के लिए उत्साह

21,700 रुपये से 69,100 रुपये प्रति माह वेतन मिलेगा, अंतिम तिथि तीन अप्रैल

## 18 से 23 साल के युवा कर सकते है आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

सेंट्रल इंडस्ट्रीरियल सिक्योरिटी फोर्स की ओर से कॉन्स्ट्रेबल ट्रैड्समैन भर्ती के लिए हाल ही में नोटिफिकेशन जारी किया गया है। इसमें विभाग 1048 पदों पर भर्ती करने जा रहा है। जो अभ्यर्थी देश की सेवा करने का जूनून रखते है और जिनकी उम्र 18 से 23 वर्ष है वो ऑनलाइन माध्यम से आवेदन फॉर्म भर सकते है। भर्ती में मान्यता प्राप्त बोर्ड से दसवीं पास होना जरुरी किया गया है। साथ ही कौशल व्यापार नाई, बूट निर्माता या मोची, दर्जी, रसोइया, बढ़ई, माली, चित्रकार, चार्ज मैकेनिक, धोबी, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन और मोटर पंप अटेंडेंट में कोर्स वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। इस भर्ती में पुरुष और महिला दोनों हिस्सा ले सकते है। मापदंड में पुरूषों की 170 सेंटीमीटर और महिलाओं की 157 सेंटीमीटर ऊंचाई जरूरी की गई है।

### सीआईएसएफ कांस्टेबल ट्रेड्समैन पदों पर भर्ती होने के लिए कई चरणों से गुजरना होगा

सबसे पहले, उम्मीदवारों को निर्धारित शारीरिक मानकों को पूरा करने और दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा पीईटी और शारीरिक मानक परीक्षण के लिए उपस्थित होना होगा। पात्रता की पुष्टि के लिए अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। अभ्यर्थियों की संबंधित ट्रेड में दक्षता का परीक्षण किया जाएगा। इसके आगे सामान्य ज्ञान एवं योग्यता की जांच के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके बाद यह सुनिश्चित करने के लिए एक चिकित्सा परीक्षण किया जाएगा कि वे आवश्यक स्वास्थ्य मानकों को पूरा करते है। जो अभ्यर्थी सभी चरणों को पार कर लेंगे, उन्हें अंतिम मेरिट सूची में शामिल किया जाएगा।



**नारनौल।** सीएससी सेंटर पर ऑनलाइन फॉर्म की जानकारी दर्ज करवाते आवेदक।

### ट्रेडवार रिक्तियों का विवरण

| नाम | पुरुष | महिला |
|---|---|---|
| कांस्टेबल कुक | 400 | 44 |
| कांस्टेबल मोची | 07 | 01 |
| कांस्टेबल दर्जी | 19 | 02 |
| कांस्टेबल नाई | 163 | 17 |
| कांस्टेबल धोबी | 212 | 24 |
| कांस्टेबल स्वीपर | 123 | 14 |
| कांस्टेबल पेंटर | 02 | 00 |
| कांस्टेबल कारपेंटर | 07 | 01 |
| कांस्टेबल इलेक्ट्रीशियन | 04 | 00 |
| कांस्टेबल माली | 04 | 00 |
| कांस्टेबल वेल्डर | 01 | 00 |
| कांस्टेबल चार्ज मैकेनिक | 01 | 00 |
| कांस्टेबल एमपी अटेंडेंट | 02 | 00 |

### क्षेत्रवार राज्यवार विवरण

⏭ **उत्तरी क्षेत्र**: चंडीगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, पंजाब और राजस्थान।

⏭ **एनसीआर सेक्टर**: दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड

⏭ **पश्चिमी क्षेत्र**: दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव, गोवा, गुजरात और महाराष्ट्र।

⏭ **केंद्रीय क्षेत्र**: छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश

⏭ **पूर्वी क्षेत्र**: बिहार और झारखंड

⏭ **दक्षिणी क्षेत्र**: आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, लक्षद्वीप, पुडुचेरी, तमिलनाडु और तेलंगाना।

⏭ **दक्षिण पूर्वी क्षेत्र**: अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, सिक्किम, ओडिशा और पश्चिम बंगाल।

⏭ **पूर्वोत्तर क्षेत्र**: अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा।

## सड़के खस्ताहाल होने पर शहरवासी नाराज

# दो बार निर्माण होने के बाद ढाई साल में दम तोड़ गई सिनेमा रोड की सड़क

शहर के मुख्य बाजार की सड़क होने के कारण बढ़ी ग्राहकों व व्यापारियों की परेशानी, व्यापारियों का व्यापार हो रहा है प्रभावित, सड़क के निर्माण के समय व्यापारियों ने लगाया था घटिया सामग्री इस्तेमाल करने का आरोप, व्यापारियों के विरोध के बाद भी ठेकेदार ने की थी महज खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़


**महेंद्रगढ़।** जर्जर अवस्था सिनेमा रोड की सड़क। *फोटो: हरिभूमि*


शहर के सिनेमा रोड पर नगर पालिका की ओर से बनाई गई सड़क महज ढाई साल में दम तोड़ गई है। सड़क में बने गहरे गड्ढों के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं व्यापारियों का व्यापार भी प्रभावित रहा है, लेकिन नगर पालिका के अधिकारियों पर जूं तक नहीं रेंग रही। बता दें नगर पालिका के नई कार्यकारिणी गठन होने के कुछ पश्चाता शहर के सिनेमा रोड की सड़क का निर्माण किया गया था। सिनेमा रोड के व्यापारियों ने ठेकेदार पर घटिया सामग्री का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन भी किया था। इसके बाद व्यापारियों ने नगर पालिका के सचिव से भी मुलाकात थी। नगर पालिका के सचिव का कहना था कि मामला उनके संज्ञान नहीं है। इस मार्ग की सड़क का दोबारा से निर्माण कराया जाएगा। ठेकेदार के दोबारा से महज खानापूर्ति करते हुए दोबारा से सड़क का निर्माण भी कर दिया गया। स्थानीय व्यापारी लगातार ठेकेदार के कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते रहे, लेकिन नगर पालिका के अधिकारियों एक बार मौके पर पहुंच का सड़क के निर्माण कार्य की जांच नही की। अब अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा शहर की जनता को उठाना पड़ रहा है। इसके अलावा सिनेमा रोड जिले के कई गांवों को शहर से जोड़ता है। करीब दो दर्जन गांवों के लोग शहर आने के लिए इस मार्ग का प्रयोग करते है। सड़क की दयनीय स्थिति होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इस मार्ग से कई शिक्षण संस्थानों की बसे होकर गुजरती है। सड़क की दयनीय स्थिति होने के कारण स्कूलों और कॉलेज के विद्यार्थियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

### सड़क से रोडियां निकलनी हुई शुरू

नगर पालिका द्वारा ढाई साल पहले आईटीआई सड़क को मॉडल सड़क का दर्जा दिया गया था। इस सड़क को करोड़ों रुपये की लागत से निर्माण करवाया गया था। मॉडल सड़क से ढाई साल में ही रोड़िया निकलनी शुरू हो गई है। वहीं कई जगह गहरे गड्ढे होने लगे है। टूटी सड़क के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं समीप बस स्टैंड होने के कारण यात्रियों की परेशानी अधिक बढ़ गई है। बस स्टैंड पर आने वाले वाहनों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

### शहर की इन सड़कों की हालात हो चुकी है खराब

एसडीएम कार्यकाल के दौरान शहर में जिन सड़कों को निर्माण हुआ था। वो सड़कें टूटनी शुरू हो गई हैं। इसके अलावा अन्य सड़कों की हालात ओर भी बेकार हो चुकी हैं। शहर की 11 हट्टा बाजार, सरार्फा बाजार, परशुराम चौक से मसानी तक, फूलचंद हनुमान मंदिर से मस्जिद तक, ब्रहमचारी रोड़ से राव बहादुर सिंह की कोठी तक, पूर्व जिला प्रमुख रामसिंह की कोठी से मोहल्ला खटीकान तक, बालाजी चौक से रेलवे स्टेशन तक, रेलवे स्टेशन से लेकर माजरा फाटक तक, बालाजी चौक से सब्जी मंडी, नेमी मिष्ठान भंडार से विधायक राव दानसिंह के मकान तक, मोहल्ला कुम्हारान, मॉडल संस्कृति स्कूल से कॉलेज तक सड़क हालात बिल्कुल खस्ता हो चुकी हैं। इसके अलावा पिछले दिनों बनाई सड़क से भी रोड़िया निकलनी शुरू हो गई हैं।


**नारनौल।** सीएम की ओर से मिला चेक डीसी डा. विवेक भारती को सौंपती पीओ संगीता यादव। *फोटो: हरिभूमि*

# लिंगानुपात सुधार पर जिले की सराहना

- कार्यक्रम अधिकारी ने सीएम की ओर से मिला प्रशस्ति पत्र व तीन लाख का चेक डीसी को सौंपा
- महेंद्रगढ़ में लिंगानुपात 869 से 903 हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत लिंगानुपात सुधार में महेंद्रगढ़ जिला को दूसरे स्थान पर आने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिला प्रशासन की सराहना की और इस उपलब्धि के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में महेंद्रगढ़ जिला प्रशासन को सम्मानित किया।

### सीएम ने सराहा

यह सम्मान पाने के बाद मंगलवार को पंचकूला से नारनौल पहुंची जिला कार्यक्रम अधिकारी संगीता यादव ने उपायुक्त डा. विवेक भारती से मुलाकात कर सम्मान स्वरूप मिला प्रशस्ति पत्र तथा तीन लाख रुपये का चेक सौंपा। इस अवसर पर लिंगानुपात सुधार को लेकर जिला प्रशासन की ओर से उठाए गए कदमों की जानकारी देते हुए उपायुक्त ने बताया कि सरकार के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को जिला महेंद्रगढ़ में लगातार गति दी जा रही है। इसके लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम करते हुए नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा लिंग जांच पर पूरी तरह से नजर रखी जा रही है। जहां भी ऐसी सूचना मिलती है, जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग की ओर से तुरंत कार्रवाई की जाती है।

### प्रशासन की सख्ती

उन्होंने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में लिंगानुपात 869 से 903 हो गया है। इसमें और अधिक सुधार के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयास करता रहेगा। उन्होंने आम नागरिकों से आह्वान किया कि लिंग जांच व भ्रूण हत्या के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिला प्रशासन को सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# शिक्षा व राखी बनीं बेस्ट वॉलियंटर

- सात दिवसीय एनएसएस शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी


**नांगल चौधरी।** बैजनाथ चौधरी गर्ल्स कॉलेज की बेस्ट वॉलियंटर को सम्मानित करती चेयरपर्सन प्रिया सैनी। *फोटो: हरिभूमि*


बैजनाथ चौधरी गर्ल्स कॉलेज का सात दिवसीय एनएसएस शिविर मंगलवार की शाम संपन्न हो गया। समापन समारोह में नपा की चेयरपर्सन प्रिया सैनी व प्राध्यापक रमन यादव बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान कैडेटों को गांवों में जागरूकता के कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने का संदेश दिया। जिससे समाज में फैली कुरीतियों पर अंकुश लग सकेगा। उन्होंने बताया कि आधुनिक दौर में सामाजिक संस्कारों का पतन होने लगा है, जिसके प्रभाव से समाज में संगीन अपराधों का ग्राफ बढ़ गया। हरे पेड़ों की अंधाधुंध अवैध कटाई होने के कारण पर्यावरण में जहरीली गैसों की मात्रा बढ़ने से विभिन्न बीमरियां पनपनी आरंभ हो गई है। समाधान के लिए युवाओं को स्वयं जागरूक होने के साथ समाज में जागरूकता लानी होगी। वार्ड व मोहल्ले वाइज अभियान चलाकर लोगों को हर साल एक पौधा लगाने व उसकी देखभाल के लिए प्रेरित करें। एनएसएस शिविर का उद्देश्य समाज में एकजुट करना है।

# मोरगेज पंजीकरण पर पैसे लेने के आरोप

- आरसी व ग्रामीण के मध्य हुई गालीगलोच, पुलिस तक पहुंचा मामला
- नायब तहसीलदार व स्टाफ कर्मियों ने किया बीच बचाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

जमीन का केसीसी बनवाने आए एक व्यक्ति ने तैश में आकर तहसील कार्यालय में कार्यरत आरसी को ने केवल भला बुरा कहा, बल्कि उग्र रूप धारण कर जातिसूचक शब्द कहते हुए गालीगलोच कर कागज फाड़ दिए। नायब तहसीलदार व अन्य स्टाफकर्मियों ने आरसी को छुड़वाया तो आरोपित व्यक्ति धमकी देकर फरार हो गया। इस बारे में आरसी की ओर से तहसीलदार को शिकायत देकर आरोपित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस बारे में आरसी अरूण कुमार निवासी ढाढोत ने तहसीलदार को दी शिकायत में कहा कि वह तहसील कार्यालय में बतौर पंजीकरण क्लर्क कार्यरत है। 10 मार्च को उसके कार्यालय में ईसराना वासी संजय मोरगेज डीड पंजीकरण करवाने के लिए आया। इस दौरान वह उनसे नाम पता व जाति आदि पूछकर कागजात पूरे करके लाने की कहकर चला गया। मंगलवार को दोपहर करीब एक बजे संजय वासी इसराना उनके पास आया, तब उनकी सीट पर भीड़ हो रखी थी। आरोपित संजय ने अपना टोकन दिखाते हुए पंजीकरण करवाने की बात कही, लेकिन कागजात पूरे नहीं थे। उन्होंने कागजात पूरे करने को कहा तो वह तैश में आ गया और कागजात उनके ऊपर फेंककर मारे तथा गालीगलोच करने लगा।


**कनीना।** तहसीलदार द्वारा थाना में भेजी आरससी की शिकायत प्रति।

### मारपीट का आरोप

ईधर मोरगेज डीड बनवाने आए पीड़ित संजय ने आरसी पर मारपीट का आरोप लगाया और कहा कि वह 28 कनाल जमीन का पंजीकरण करवाने करवाने के लिए पिछले दिनों से तहसील कार्यालय के चक्कर लगा रहा है। इस बारे में उनकी ओर से तीन बार उन्होंने टोकन कटवाए जा चुके हैं, लेकिन आरसी की ओर से कभी खर्चा पानी देने, तो कभी कागजात पूरे न होने की कहकर उन्हें रद्द करवाता रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी छह अप्रैल रामनवमी को उनके घर में पुत्री की शादी के लिए समारोह का आयोजन किया जाना है, जिसके लिए पैसे की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि आरसी पैसे देने वालों का पंजीकरण कर देता है।



### श्रमिकों को मिठाई व अन्य सामान वितरित

**नारनौल।** भारत विकास परिषद शाखा के तत्वावधान में आनंद रसोई का आयोजन किया गया। प्रकल्प संयोजक डा. संजय शर्मा व शाखा सचिव दिनेश शर्मा ने बताया कि आनंद रसोई प्रकल्प के अंतर्गत परशुराम चौक पर नवीन गुप्ता के सहयोग से उनके पिता सत्यनारायण गुप्ता जन्मदिन के उपलक्ष्य में लगाई गई। आयोजक सत्यनारायण गुप्ता व नवीन गुप्ता ने अपने हाथों से श्रमिकों को जलेबी व पेटीज खिलाई। इस मौके पर डा. संजय शर्मा, भाविप के अध्यक्ष राजकुमार यादव, बजरंग लाल गुप्ता, पवन गुप्ता, विष्णु गर्ग, सचिव दिनेश शर्मा, सदस्य पवन यादव, रवि चौधरी, राकेश गोयल, देवेंद्र चौधरी, हनुमंत गर्ग, मोनिका गुप्ता, डा. शिवकुमार, सुभाष सिंगला, सतीश सैनी आदि मौजूद थे।

## 54वीं हरियाणा राज्य तकनीकी सलाहकार समिति की बैठक

# अमरपुर जौरासी बांध की जल्द होगी मरम्मत

- उपायुक्त डा. विवेक भारती ने मंगलवार को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



**नारनौल।** वीसी के दौरान मौजूद डीसी डा. विवेक भारती। *फोटो: हरिभूमि*

जिला महेंद्रगढ़ में पानी के अधिक से अधिक संवर्धन के लिए कृष्णावती नदी की आंतरिक निकासी को दुरुस्त किया जाएगा। इसके लिए खुदाई भी की जाएगी। इसके अलावा नारनौल शहर को बाढ़ से बचाने के लिए जौरासी बांध की मरम्मत और नवीनीकरण किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त डा. विवेक भारती ने मंगलवार को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई 54वीं हरियाणा राज्य तकनीकी सलाहकार समिति सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की बैठक के बाद दी। इस बैठक के दौरान प्रदेश में बाढ़ एवं सूखा के प्रबंधन तथा जल संरक्षण एवं उसके पुनरुपयोग को लेकर जिला महेंद्रगढ़ के लिए चार विभिन्न परियोजनाओं पर विचार विमर्श हुआ। जिला महेंद्रगढ़ में जल संरक्षण के लिए चल रही विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की गई।

### बाढ़ से सुरक्षा के लिए रणनीति तैयार

डीसी ने बताया कि जल संरक्षण एवं पुनः उपयोग के लिए कृष्णावती नदी की आंतरिक निकासी दुरुस्त करने के साथ साथ नदी की गहराई की जाएगी। इससे नदी की वहन क्षमता और पुनर्भरण दर में वृद्धि होगी। नारनौल शहर की आबादी की बाढ़ से सुरक्षा के लिए भी परियोजना तैयार की जा रही है। गांव अमरपुर जौरासी में बांध की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है। यह नारनौल शहर के दक्षिणी तरफ स्थित है। इस बांध का निर्माण वर्ष 1954 में हुआ था। अब इसमें कुछ मरम्मत और नवीनीकरण की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि निजामपुर खंड में बाढ़ के मौसम के दौरान नहर के पानी की अतिरिक्त आपूर्ति का उपयोग करके स्प्रिंकलर प्रणाली के माध्यम से सिंचाई सुविधाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न गांवों में नहर भंडारण टैंक बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा नांगल नूनिया गांव के बांध में रिचार्जिंग उद्देश्य और सिंचाई सुविधाओं में सुधार के लिए दबाव वाली पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इसके लिए जल्द ही कार्य शुरू करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस बैठक में सिंचाई विभाग के एसई राजेश खत्री, जिला राजस्व अधिकारी राकेश कुमार व अन्य मौजूद रहे।